## एक नजर में

### एनएसयूआई के दिल्ली प्रदर्शन में साथियों सहित शामिल हुए युवानेता देवेश्वर सिंह




**बुरहानपुर ।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन म.प्र. द्वारा केन्द्र सरकार के खिलाफ दिल्ली में भारत किसान ट्रेड डील और एलपीजी की देश में आपूर्ति मे कमी के विरोध में संसद घेराव किया गया। इस प्रदर्शन में ठाकुर देवेश्वर सिंह अपने साथीयों के साथ शामील हुवे । यह प्रदर्शन प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ,प्रदेश प्रभारी शिवी चौहान,प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र दादू , प्रदेश संगठन महासचिव चेतन भैया के नेतृत्व में किया गया। इस प्रदर्शन में ठाकुर देवेश्वर सिंह के नेतृत्व में बुरहानुपर युवामोर्चा एवं छात्र संगठन के कार्यकर्ता भी शामील हुवे और तानाशाही सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया।

### अध्यक्ष बनने पर जम्बूकुमार जैन पहाड़िया का समाज द्वारा अभिनन्दन



**बुरहानपुर ।** पद मिलने पर सेवा की भावना रखकर कार्य करना चाहिए। अपने व्यक्तित्व, व्यवहार एवं कार्यप्रणाली से पद का मान बढ़ाना चाहिए ताकि पद से मुक्त होने पर भी लोग आपके कार्य की मिसाल दें। यह विचार कर्मयोगी डॉ. सुरेन्द्र जैन भारती ने जैन विद्या एवं प्राकृत शोध संस्थान में समाजसेवी जम्बूकुमार जैन पहाड़िया के बुरहानपुर टेक्सटाइल ट्रेडर्स वेलफेअर एसोसिएशन के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान में व्यक्त किये। यहाँ उल्लेखनीय है कि एसोसिएशन की चुनाव समिति.आनंद सिंघानिया, दामोदर तोदी, राजेश चान्दमल जैन एवं विष्णु मित्तल ने चयन प्रक्रिया में महती भूमिका निभायी। श्री पहाड़िया का समाजसेवी विमल पाटनी, दिलीप पहाड़िया, शम्भूकुमार पहाड़िया, अमिष जैन, संदीप जैन, दिलीप कासलीवाल,पंकज कासलीवाल आदि ने अभिनंदन किया और उनसे अपेक्षा की कि वे अपने दो वर्षीय कार्यकाल को बुरहानपुर के विकास के नाम समर्पित करेंगे। अध्यक्ष जम्बूकुमार जैन पहाड़िया ने आभार व्यक्त किया।

### अवकाश दिनों में कृषि मंडी चालू होने की सूचना

**बुरहानपुर।** कृषि उपज मंडी सचिव भूपेन्द्रसिह बुरहानपुर ने सूचना जारी करते हुवे बताया कि समस्त कृषक बंधुओं को सूचित किया जाता है कि लगातार चार दिन शासकीय अवकाश होने से मंडी प्रशासन एवं व्यापारियों द्वारा कृषक बंधुओं की असुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कृषक हित में दिनांक 19/3/26 गुरूवार को गुड़ीपडवा एवं 20/3/2026 को चेटीचंद शासकीय अवकाश के दिन भी अनाज मंडी में नीलाम चालू रखने का निर्णय लिया गया है। अतः कृषक बंधुओं अपनी सुविधा अनुसार दिनांक 19 व 20 मार्च को अपनी उपज मंडी प्रांगण में विक्रय हेतु ल सकते है।

### महाराजा प्रोसेस में 1200 रोजेदारों ने एक साथ खोला रोजा



**बुरहानपुर ।** बुरहानपुर में रमजान माह के 27वें रोजे पर मंगलवार शाम को सैयद फरीद सेठ की महाराजा प्रोसेस द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में 1200 से अधिक रोजेदारों ने एक साथ रोजा खोला । इस विशाल रोज़ा इफ्तार पार्टी में हिन्दु समाजजन भी शामील हुवें। इस अवसर पर सैयद फरीद सेठ , कॉग्रेस नेता सलीमभाई कॉटनवाला, पत्रकार अब्दुल गफुर कुरेशी उपस्थित थे।

### 30वां दीक्षांत समारोह में राज्यपाल,सीएम ने किया डॉ .मोनिया यादव का सम्मान



**नेपानगर।** विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में 30वा दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इसमें बुरहानपुर जिले के अखबारी कागज बनाने के कारखाने में कार्यरत नेपा लिमिटेड की मोनिया मोहिंदर सिंह यादव पिता आजाद यादव को मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा डॉ ऑफ़फिलॉसफी की उपाधि से सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह के भव्य आयोजन में मुख्य रूप से अतिथि अनिल फिरोजिया सांसद उज्जैनए अनिल जैन विधायक उज्जैनए कलावती यादव नगर निगम अध्यक्ष उज्जैनए वाइस चांसलर अर्पण जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। डॉ मोनिया मोहिंदर सिंह यादव ने डॉ वीरेंद्र चावरे के मार्गदर्शन में अपना कार्य पूर्ण किया। दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा विक्रम यूनिवर्सिटी के लिए एक बसए कृषि के कार्य में उपयोग होने वाले ड्रोन बनाने के लिए यूनिवर्सिटी की तरफ्से 10 लख रुपए की राशि की मांग की गई थी जिसे मुख्यमंत्री ने बढ़ाकर 51 लाख रुपए की घोषणा की। संचालन डॉक्टर दीनदयाल भेदिया आइक्यूएसी ने किया। आभार डॉ अनिल कुमार शर्मा रजिस्ट्रार ने माना। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए पूर्व सभापति आजाद यादव ने शुभकामनाएं दी।

### जनसुनवाई में 63 आवेदन पत्र प्राप्त हुए

**बुरहानपुर।** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आये नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई के दौरान करीबन 63 आवेदक अपनी शिकायतों के निराकरण के लिये संयुक्त जिला कार्यालय पहुंचे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं अपर कलेक्टर श्री सृजन वर्मा ने विभागों के अधिकारियों से चर्चा की एवं शिकायतों के निराकरण के लिये निर्देशित किया। विदित है किए नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासन से सीधे संवाद के उद्देश्य से कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में प्रति मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है।

# फर्नीचर मार्ट में काम करने वाली युवती की मौत, एक दिन पहले हुआ था विवाद

**एक संदिग्ध को किया राउंडअप। बुलडोजर कार्रवा की उठी मांग ।**





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** आलमगंज स्थित सिंधीपुरा गेट के पास एक फर्नीचर मार्ट में काम करने वाली 23 वर्षीय युवती की मंगलवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने मारपीट कर चाकू से हत्या करने का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और एक संदिग्ध को राउंडअप किया गया है।

मृतिका निकिता सुरागे पिछले दो साल से आलमगंज स्थित राजकुमार फर्नीचर मार्ट में फर्नीचर डिजाइनिंग का काम कर रही थी। वह मूल रूप से खंडवा की रहने वाली थी और वर्तमान में अपने मामा के यहां रह रही थी। मृतिका की छोटी बहन स्नेहा ने बताया कि एक दिन पहले निकिता का दुकान संचालक से विवाद हुआ था,जिसके बाद उसने काम पर न जाने की बात कही थी। मंगलवार को दुकान संचालक के परिजनों ने बातचीत के लिए बुलाया।

**परिजनों का आरोप,मारपीट के बाद चाकू मारा:–** स्नेहा के अनुसार वह अपनी बहन के साथ आलमगंज गई थी। वहां पहुंचते ही दुकान संचालक के परिजनों ने निकिता के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब वे वहां से निकल रहे थेए तभी अर्जुन सुगंधी नाम के युवक ने निकिता पर चाकू से हमला कर दिया। स्नेहा ने बताया कि आरोपी तीन भाई हैं,अजय, अर्जुन और सागर सुगंधी। उसका आरोप है कि अजय उसकी बहन को पसंद करता था, लेकिन निकिता ने मना कर दिया था, जिससे विवाद की स्थिति बनी हुई थी ।मृतिका की मामी प्रमिला मेहरा ने बताया कि निकिता ने एक दिन पहले घर आकर कहा था कि उसके साथ गलत व्यवहार हुआ है और जब तक माफी नहीं मांगी जाएगी, वह काम पर नहीं जाएगी। बाद में उसे फोन आया और कुछ देर में घटना की जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि किसने हमला किया,यह स्पष्ट नहीं है, लेकिन दोषी को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

गणपति नाका थाना प्रभारी सुरेश महाले ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को पहले निजी अस्पताल और फिर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। परिजन सदमे में हैं, इसलिए अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है।

**परिजनों का आक्रोश, बुलडोजर कार्रवाई की मांग:–** पोस्टमार्टम पश्चात शव लेकर पहुची एम्बुलेन्स को घेरकर परिजनो सहित आलमगंज के नागरीको ने जमकर विरोध करते हुवे पहले आरोपी के यहां बुलडोजर कार्यवाही एवं फांसी की मांग की। इस दौरान तहसीलदार,पुलिस अधिकारीयों ने समझाईश देकर परिजनो को अंतिम संस्कार के लिए शव सौपा। सीएसपी गौरव पाटील ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। एक संदिग्ध को राउंडअप किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों और घटना की पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## अर्चना चिटनिस के प्रयासों से बुरहानपुर को स्वास्थ्य सेवाओं में नई सौगात

**जिला चिकित्सालय में मेडिसिन एवं ईएनटी विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना।**



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** जिले में बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ी है। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप जिला चिकित्सालय बुरहानपुर में दो विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। शासन द्वारा डॉ.शिवभानु सोलंकी को एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ तथा डॉ.निशा श्रीवास्तव को नाक.कान.गला,ईएनटी विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में नियुक्त किया गया है।

इन विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति से जिला चिकित्सालय में उपचार की गुणवत्ता में वृद्धि होगी तथा मरीजों को विभिन्न जटिल बीमारियों के लिए विशेषज्ञ परामर्श और उपचार स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगा। इससे अब बुरहानपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

अर्चना चिटनिस ने बताया कि बुरहानपुर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से वे लगातार शासन और स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर जिले में चिकित्सकों एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना से न केवल मरीजों को बेहतर उपचार मिलेगा,बल्कि अस्पताल की सेवाओं में भी व्यापक सुधार आएगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इससे पहले भी उनके प्रयासों से जिला चिकित्सालय एवं जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में कई चिकित्सकों और विशेषज्ञों की पदस्थापना कराई जा चुकी है। इसके परिणामस्वरूप जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में लगातार सुधार हुआ है और आमजन को उपचार की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए उनके प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

श्रीमती चिटनिस ने इस निर्णय के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव तथा उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ला के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से बुरहानपुर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार के सहयोग और सामूहिक प्रयासों से जिले के नागरिकों को भविष्य में और भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि बुरहानपुर जिले के नागरिकों को अधिकांश चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल सकें, ताकि आमजन को समय पर उपचार प्राप्त हो और उन्हें अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता कम पड़े।

## परिवहन विभाग चेक पोस्ट पर शिव परिवार की विधिवत की प्राण प्रतिष्ठा , प्रसाद वितरण किया



**नवभारत न्यूज, इच्छापूर ।** परिवहन विभाग चेक.पोस्ट पर श्री गणेश जी ,कार्तिक स्वामी एवं शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा विभाग के अधिकारी मोनीका सिंह प्ररणीत सिंह जी द्वारा विधीवत पुजा अर्चना कर पण्डित अंकुश देव महाराज ,मिथिलेश देव महाराज, वेदान्त देव महाीराज के द्वारा विधी अनुसार मंत्रोच्चार के साथ होम हवन कर मूर्तियों की विधीवत तरीके से प्राण प्रतिष्ठा कराई गयी। इसी प्रकार भी श्री हनुमान जी की इसके पूर्व प्राण प्रतिष्ठा की गईथी ।

उल्लेखनिय है कि मंदिर में प्रतिदिन पुजा.पाठ कर सुबह श्याम आरती होती है। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण भी किया गयार। इस मौके पर विभाग के कर्मचारी एवं ग्रामीणजन भरी संख्या में उपस्थित थे।

## त्यौहार को लेकर महापौर के निर्देश ,साफ-सफाई पर दें ध्यान



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** आगामी त्यौहार को ध्यान में रखते हुए महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने आयुक्त संदीप श्रीवास्तव को शहर में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

महापौर ने निर्देशित किया है कि शहर की संपूर्ण साफसफाई व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए। प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों एवं धार्मिक स्थलों नदी किनारे के घाटों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए, ताकि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त,शहर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी स्ट्रीट लाइटों की जांच एवं आवश्यक मरम्मत कार्य तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। जहां.जहां लाइटें खराब हैंए उन्हें शीघ्र ठीक कर प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी।

महापौर ने निर्देश दिए हैं कि गड्ढों की मरम्मत एवं क्षतिग्रस्त सड़कों को तत्काल ठीक किया जाए, जिससे यातायात सुगम एवं सुरक्षित बना रहे। आयुक्त को यह भी निर्देशित किया गया है कि संबंधित विभागों के अधिकारी नियमित निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

नगर निगम नागरिकों से भी अपील करता है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें एवं शहर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग : सुंदर झांकी देख मंत्रमुग्ध हुए भक्त



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** ग्राम मातापुर में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन बीती रात कथावाचक ने श्रीकृष्ण.रुक्मणी के विवाह की कथा का वर्णन किया। कथा सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम के दौरान कृष्ण.रुक्मणी विवाह से जुड़ी मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई। जिसे देख पूरा पंडाल श्रीकृष्ण के जयकारे से गुंजायमान हो उठा। भजन गीतों से सुरों में सभी श्रोता झूमने लगे। इस बीच गुलाल और फूलों की होली खेली गई।

कथावाचक चैतन्य लक्ष्मण बापू के कृपा पात्र शिष्य सुकदेव महाराज ने कहा कि भगवान पर अटूट विश्वास होना चाहिए, यदि अटूट विश्वास है तो भगवान हर स्थिति में अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। कथावाचक ने महारास लीला, भगवान श्रीकृष्ण के मथुरा गमन और रुक्मणी विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने रुक्मणी द्वारा भगवान श्रीकृष्ण को लिखे गए, पत्र को अटूट श्रद्धा, विश्वास और समर्पण का उदाहरण बताया। चैतन्य सुकदेव महाराज ने बताया कि कैसे भगवान श्रीकृष्ण ने अधर्मी शिशुपाल के बीच से रुक्मणी का हरण कर उनका वरण किया।

उन्होंने इस प्रसंग के माध्यम से संदेश दिया कि शरणागत की रक्षा करना ही प्रभु का परम धर्म है। कथा के दौरान विवाह के मंगल गीतों पर श्रद्धालु भक्तिभाव में लीन हो गए।

## पुलिस ने दो बच्चों को परिजन के सुपुर्द किया



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** मंडावा रेलवे स्टेशन पर मिले दो नाबालिक बच्चों को पुलिस ने उनके परिजन के सुपुर्द किया। दरअसल 112 पर शिकायत मिलने पर मांडावा रेलवे स्टेशन से बच्चों को नेपानगर पुलिस स्टेशन सुरक्षित लाया गया जिसमें नेपानगर थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल, एसआई शहाबुद्दीन कुरैशी, एएसआई सुनील दुबे और डायल 112 मौके पर पहुंची। दोनों बच्चों को थाने लाया गया। परिजनों को सूचना दी गई।एफआरबी की टीम के आरक्षक राकेश,आरक्षक सुजीत यादव, पायलट कैलाश राठौर को सूचना मिली थी कि दो बालक खंडवा से मांडवा स्टेशन पर हैं। वह खंडवा के रहने वाले है। पुलिस ने उनके परिजनों को बुलाकर बच्चे उनके सुपुर्द किए।

## डीएलसीसी की बैठक संपन्न : कलेक्टर ने कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**कौशल विकास एवं युवाओं को रोजगार से जोड़ने पर जोर**




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं लंबित ऋण प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर हर्ष सिंह ने बैंकों एवं विभागों के अधिकारियों से कार्यों में तेजी लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया जायें। विदित है किए कलेक्टर श्री सिंह मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित डीएलसीसी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक के दौरान कलेक्टर सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से किसान क्रेडिट कार्ड ;केसीसी प्रकरणों में हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए। प्रकरणों के निराकरण में धीमी प्रगति पर कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकृत किया जाए।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जिले के पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी लाभ उपलब्ध कराना है,इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सृजन वर्मा, आरबीआई अग्रणी जिला अधिकारी राम नागर, जिला प्रबंधक महावीर राय सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**जिला कौशल विकास समिति की बैठक संपन्न:–**इसी कड़ी में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार जिले में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिये जिला कौशल विकास समिति की बैठक भी संपन्न हुई। बैठक में रोजगार मेला में युवाओं की निरंतर प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए गएए ताकि उन्हें रोजगार से जोड़ने की प्रक्रिया प्रभावी रूप से सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में कहा गया कि विभिन्न प्रशिक्षण कोर्स के अंतर्गत युवाओं को केवल सैद्धांतिक ही नहीं बल्कि व्यवहारिक एवं उपयोगी प्रशिक्षण दिया जाएए जिससे वे कौशल अर्जित कर रोजगार के लिए सक्षम बन सकें। साथ ही श्मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजनाश् सहित अन्य कौशल विकास कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश भी दिए गए।

**एक नजर** आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रही नेपा मिल में कागज उत्पादन के सफल ट्रॉयल ने उम्मीदें जगा दी...

# नेपा मिल में महीनों बाद गूंजी मशीनों की आवाज, नए सीएमडी ने शुरू किए कागज उत्पादन के प्रयास

**दिल्ली से आई केंद्र सरकार की टीम के सदस्यों ने किया ट्रायल**





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर/ नेपानगर।** आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रही एशिया महाद्वीप की सबसे बड़ी और पुरानी कागज मिल नेपा लिमिटेड में सोमवार को कागज उत्पादन के सफल ट्रॉयल ने नगर के लोगों के बीच कई उम्मीदें जगा दी है। मिल में करीब डेढ़ साल से बंद उत्पादन बंद था,लेकिन अब यहां दोबारा मशीनों से धुआं उठने पर उम्मीदें जागी है कि जल्द ही नगर की अर्थव्यवस्था फिर से पटरी पर लौटेगी।

दरअसल केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के इस उपक्रम नेपा लिमिटेड में सोमवार को ट्रायल ऑपरेशन के तहत बॉयलर लाइट अप के साथ मिल संचालन की प्रक्रिया का पुनः सफलता पूर्वक परीक्षण किया गया। चिमनी से उठता धुआं और पेपर मशीन से उत्पादन शुरू होना आदिवासी अंचल की इस ऐतिहासिक कागज मिल के पुनर्जीवन का संकेत माना जा रहा है।

दशकों तक करोड़ों रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत करते हुए अखबारी कागज के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने में इस मिल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लंबे अंतराल के बाद मशीनों की ध्वनि गूंजने से मिल परिसर में कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों में हर्ष और उत्साह का वातावरण देखा गया।

**भारी उद्योग मंत्रायल की आर्थिक सलाहकार नेपा पहुंची:–** सोमवार को केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय की आर्थिक सलाहकार डॉ रेणुका मिश्रा तथा स्वतंत्र निदेशक सीए मिलिंद कनाडे ने नेपा लिमिटेड का दौरा कर उत्पादन प्रक्रिया, मिल में नवीनीकृत संयंत्रों के संचालन का निरीक्षण किया। इस दौरान अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक नरेश सिंह सहित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

सांसद के प्रयासों से कार्यशील पूंजी के लिए मंत्रालय से निरंतर संवाद

मिल को पुनः पूर्ण रूप से चालू कराने के लिए क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल द्वारा केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी से निरंतर संवाद और पत्राचार किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी पत्र के माध्यम से मिल के लिए कार्यशील पूंजी पैकेज स्वीकृत कर नवजीवन देने का अनुरोध किया गया है।

सांसद के साथ नेपा लिमिटेड ऑफिसर्स स्टाफ, सोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र केसरी, सचिव संजय पवार तथा अन्य पदाधिकारी भी कई बार मंत्रालय पहुंचकर मिल संचालन के लिए सहयोग की मांग कर चुके हैं। इस विषय में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी तथा केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले द्वारा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया है।

**नेपा मिल का है 75 साल का गौरवशाली इतिहास:–** 23 अगस्त 2022 को तत्कालीन केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ महेंद्रनाथ पांडेय द्वारा नवीनीकृत संयंत्रों का शुभारंभ किया गया था। लगभग 75 वर्ष के गौरवशाली इतिहास वाली यह मिल एशिया की पहली अखबारी कागज मिल मानी जाती है और वर्ष 1995 में गुलाबी समाचार पत्र कागज प्रस्तुत करने का श्रेय भी इसी मिल को प्राप्त है। यहां न्यूजप्रिंट तथा राइटिंगप्रिंटिंग पेपर का उत्पादन किया जाता हैए जिसमें अपशिष्ट कागज से तैयार लुगदीए पुराने ऑफिस पेपर तथा अन्य रिसाइकल्ड सामग्री का उपयोग किया जाता है।

जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि नेपा लिमिटेड क्षेत्र का एकमात्र केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम होने के कारण इसके पुनः संचालन से आदिवासी अंचल की अर्थव्यवस्था, रोजगार और स्थानीय विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है तथा उत्पादन नियमित होने से कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों में नया विश्वास पैदा हुआ है।